## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–02.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राज्य की 14 लोकसभा सीटों के लिए चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, तैयारियां पूरी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम।
2. दो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी और इंडी गठबंधन के नेता प्रदीप यादव, नलिन सोरेन समेत 244 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का होगा फैसला ।
3. राष्ट्रीय राजमार्गों पर आज आधी रात से टोल टैक्स की दरों में की गयी वृद्धि, राज्य में पड़ने वाले 16 टोल प्लाजा की टैक्स दरें 10 से 25 रुपये तक बढ़ी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जारी की अधिसूचना।

और

4. मौसम विभाग ने कल राज्य के उत्तर–पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कहीं–कहीं गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की जताई संभावना।

***************

राज्य की 14 लोकसभा सीटों के लिए चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतगणना के रुझान और परिणाम आयोग की वेबसाइट रिजल्ट्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन (results.eci.gov.in) और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर उपलब्ध होंगे। इधर, मतगणना के दिन दो केंद्रीय मंत्रीं अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी समेत इंडी गठबंधन के नेता प्रदीप यादव और नलिन सोरेन समेत 244 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा।

***************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया है कि झारखंड में इस बार सभी चरणों को मिलाकर 66.19: मतदान हुआ है। रांची में आज आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि चार जून को मतगणना की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह 8 से मतगणना शुरू होगी, जिसके शुरुआती आधे घंटे में पोस्टल बैलट की गणना की जाएगी। काउंटिंग को लेकर मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

***************

निर्वाचन आयोग ने चुनाव के बाद किसी भी प्रकार की हिंसा को रोकने के लिए राज्यों को केंद्रीय सुरक्षा बल उपलब्ध कराए हैं। आयोग ने यह निर्णय राज्यों और केंद्रीय पर्यवेक्षकों के आकलन के आधार पर लिया।

***************

लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले, निजी टेलीविजन चौनल और अन्य एजेंसियों ने मतदान के बाद सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। अधिकतर ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिलने की बात कही है। इन परिणामों के अनुसार पांच सौ 45 सदस्यों वाली लोकसभा में राजग को दो–तिहाई बहुमत मिल सकता है। चुनाव विशेषज्ञों ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले गठबंधन के साढे तीन सौ से अधिक सीटें जीतने का अनुमान व्यक्त किया है। विपक्षी आई.एन.डी.आई गठबंधन को एक सौ 25 से डेढ सौ तक सीट मिल सकती हैं।

***************

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बारे में कई निजी टीवी चौनलों और अन्य एजेंसियों के एक्जिट पोल के आंकड़े खारिज कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि एक्जिट पोल पूरी तरह फर्जी हैं। उन्होंने दोहराया कि इंडी गठबंधन को 295 सीट मिलेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्जिट पोल का परिणाम भाजपा का मनोवैज्ञानिक खेल है, जो उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं का विश्वास डिगाना चाहता है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के महासचिव तरूण चुग ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है और पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।

***************

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि जो एग्जिट पोल आ रहे हैं, वह सही नहीं हैं। श्री सोरेन ने आज पत्रकारों से कहा कि झारखंड में 10 सीटें इंडी गठबंधन के पक्ष में आएंगी।

***************

भारतीय जनता पार्टी के नेता और निवर्तमान सांसद निशिकांत दूबे ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव की मतगणना में एनडीए को 420 से अधिक सीटें मिलेंगी। आज देवघर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को 50 से भी कम सीटें मिल सकती हैं।

***************

धनबाद के कृषि बाजार समिति स्थित मतगणना केंद्र में मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा और जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी. जनार्दनन ने संयुक्त आदेश जारी कर 16 दंडाधिकारी मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और यातायात व्यवस्था के लिए 13 पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है।

***************

दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कल शांतिपूर्ण ढंग से हुए मतदान के बाद ईवीएम को दुमका पॉलीटेक्निक परिसर में बनाए गए वज्रगृह में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है।

***************

राज्य के राष्ट्रीय राजमार्गों पर आज आधी रात से टोल टैक्स की दरों में वृद्धि कर दी गयी है। इसके तहत राज्य में पड़ने वाले 16 टॉल प्लाजा की टैक्स दरों में 10 से 25 रुपये तक की वृद्धि हुई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई के अनुसार अब एनएच 33 के ओरमांझी टोल प्लाजा से गुजरने वाले कार, जीप, वैन और हलके वाहनों को सिंगल जर्नी पर 125 रुपये देने होंगे। वहीं, उसी दिन वापस लौटने पर 190 रुपये का चार्ज लगेगा। इसी तरह से व्यावसायिक वाहनों के लिए भी दरें बढ़ा दी गयी हैं।

***************

प्रधानमंत्री ने आज देश में भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री निर्देश दिया कि आग से संबंधित घटनाओं से निपटने और उन्हें रोकने के लिए पर्याप्त अभ्यास नियमित तौर पर अवश्य किए जाने चाहिए। अग्नि जांच और अस्पतालों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बिजली सुरक्षा की जांच नियमित तौर पर अवश्य की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री को जंगलों की आग की समय पर पहचान करने और इसके प्रबंधन से संबंधित पोर्टल वन अग्नि की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई।

***************

मौसम विभाग ने कल राज्य के उत्तर–पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कहीं–कहीं गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इन जगहों पर 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकतीं हैं। ऐसे में राजधानी रांची समेत रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, बोकारो, गुमला, सिमडेगा, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, सरायकेला–खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार, चार जून को गढ़वा, पलामू और चतरा जिलों में कहीं–कहीं हीट वेव की स्थिति भी देखी जाएगी।

***************

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों के तहत कोर इंजीनियरिंग संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई और डेटा विज्ञान के क्षेत्रों में अल्पकालिक पाठ्यक्रम शुरू कर रही है। बाजार में बढती मांग को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस एनालिटिक्स पर अधिक पाठ्यक्रम संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है।

***************

रांची के रातू थाना क्षेत्र में आज बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक बच्चा घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रांची–डाल्टेनगंज मार्ग एनएच 75 पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर, रामगढ़ जिले के पतरातु–रामगढ़ मुख्य मार्ग पर बीती रात हाईवा ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में ऑटो पर सवार एक व्यक्ति की की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बरकाकाना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।

***************

भारतीय दल ने कल एडिनबर्ग में यूएस किड्स गोल्फ यूरोपियन चैंपियनशिप में तीन जीत और अन्य शीर्ष–5 में जगह बनाई। तीन विजेताओं में, 13 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों में अनन्या सूद, 7 वर्ष की आयु वर्ग के लड़कों में निहाल चीमा और 15–18 वर्ष की आयु वर्ग के लड़कों में मान्यवीर भादू शामिल हैं।

*******समाप्त*******